# खराब मौसम होने से गुड़ के भाव में और तेजी संभव

बिजनेस भास्कर ▶ **नई दिल्ली...**

खराब मौसम और चीनी के दाम बढ़ने से सोमवार को गुड़ की कीमतों में 200 रुपये की तेजी आकर भाव 2,800 से 2,900 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। प्रमुख उत्पादक मंडी मुजफ्फरनगर में गुड़ की दैनिक आवक घटकर 5,000-6,000 मन (एक मन-40 किलो) की रह गई है। ऐसे में मौसम खराब रहा तो मौजूदा कीमतों में ओर भी तेजी की ही संभावना है।

गुड़ के थोक कारोबारी हरिशंकर मुंदड़ा ने बताया कि मौसम खराब होने से गुड़ की दैनिक आवक कम हो गई है जबकि स्टॉकिस्टों की मांग बराबर बनी हुई है। वैसे भी होली के कारण खपत राज्यों की मांग अच्छी बनी हुई है। चीनी मिलों में भी गन्ने की पेराई चालू महीने में जारी ही रहेगी। ऐसे में मौसम खराब रहा तो गुड़ की मौजूदा कीमतों में और भी तेजी की संभावना है। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़ चाकू का भाव बढ़कर सोमवार को 970 से 1,080 रुपये, रसकट का भाव 950 से 1,005 रुपये और खुरपापाड़ गुड़ का भाव 1,000 से 1,025 रुपये और लड्डू का भाव 1,040 से 1,060 रुपये प्रति 40 किलो हो गए। फेडरेशन ऑफ गुड़ ट्रेडर्स के अध्यक्ष अरुण खंडेलवाल ने बताया कि चालू सीजन में मुजफ्फरनगर मंडी में 4.66 लाख कट्टे (एक कट्टा-40 किलो) का स्टॉक हो चुका है जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 14,000 कट्टे कम है। पिछले साल मंडी में कुल स्टॉक 13 लाख कट्टों का हुआ था लेकिन चालू सीजन में कुल स्टॉक पिछले साल की तुलना में करीब डेढ़ से दो लाख कट्टे कम होने की आशंका है। होली के त्यौहार के कारण प्रमुख खपत राज्यों पंजाब, हरियाणा और राजस्थान की मांग अच्छी है। वैसे भी चीनी के दाम भी सप्ताहभर में 200 से 250 रुपये प्रति क्विंटल तक बढ़ चुके हैं।

Bussiness Bhaskar
11/3/14